प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

दीक्षांत समारोह में पदक एवं अवार्ड से सम्मानित हुए विद्यार्थी

पंतनगर विश्वविद्यालय में आज आयोजित हुए 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा 1172 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की गयी। इस अवसर पर दीक्षा उप्रेती को सर्वोत्तम स्नातक होने के नाते कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित करने के अतिरिक्त 15 विद्यार्थियों को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें श्रेया उपाध्याय, अनुज गुप्ता, आभा रावत, दीक्षा उप्रेती, नेहा कोठारी, जयंत राय, आकाश सुंदरियाल, ज्योति दीप पाण्डे, रितिक गुप्ता, निखिल चंद, आयुषी गुप्ता, मनीष नेगी, निकिता भटनागर, सुमन रनवा एवं डा. बरखा सम्मिलित थे। कुलपति रजत पदक 12 विद्यार्थियों को दिये गये, जिनमें जिया पाठक, रामेश्वर यादव, मानसी बिष्ट, अनुप्रिया मिश्रा, वात्सल्या भट्ट, नंदनी मिश्रा, हिमानी निटवाल, एकांश अग्रवाल, निकिता बिष्ट, प्रिंस कौशिक, नेहा भट्ट एवं कृतिका जोशी सम्मलित थे तथा कुलपति कांस्य पदक 12 विद्यार्थियों को दिये गये, जिनमें सुरेन्द्र धामी, अनुभव सिंह भण्डारी, निशा दानी, सिमरजीत कौर सेतिया, धृति होरे, जय तनेजा, खुश्बु तिवारी, आयुष प्रताप सिंह, हर्षित बिष्ट, वरिजा पाण्डे, योगेश थापलियाल तथा मयंक त्रिपाठी सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए पिशाला शांता कुमार को श्री पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड; निशा दानी को श्रीमती सरस्वती पांडा गोल्ड मेडल/कैश अवार्ड; शशांक गंगवार को श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड; श्रेया उपाध्याय को डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड; दो विद्यार्थी श्रेया उपाध्याय एवं जिया पाठक को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड; दो विद्यार्थी सुमन रानवा एवं डा. बरखा को भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड तथा मोनालिसा गुरू को डा. ए.एन. मुखोपाध्याय गोल्ड से सम्मानित किया गया।

विद्यार्थी को स्वर्ण पद प्रदान करते महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड ले ज गुरमीत सिंह एवं अन्य अतिथि।